<u>शांति, शिक्षा एवं संघर्ष समाधान पर त्रिदिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला</u>

**हिंदी विवि में आयोजित कार्यशाला में शामिल होंगे देशभर के प्रतिभागी**

वर्धा, 20 सितम्बर, 2011; महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा व इंस्टीट्यूट फॉर पीस स्टडीज एण्ड कॉनफ्लिक्ट रिजॉल्यूशन, मुंबई के संयुक्त तत्वावधान में शांति, शिक्षा एवं संघर्ष समाधान विषय पर त्रिदिवसीय (21से 23 सितम्बर) राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है जिसमें देशभर (गुजरात, राजस्थान, उत्तरप्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार, कर्नाटक, महाराष्ट्र) के प्रतिभागी शामिल होंगे। प्रातः 10 बजे कार्यशाला के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति विभूति नारायण राय करेंगे।

विश्वविद्यालय के डॉ.जाकिर हुसैन अध्ययन केन्द्र द्वारा हबीब तनवीर सभागार में आयोजित कार्यशाला के उदघाटन सत्र के दौरान सुप्रसिद्ध विद्वान असगर अली इंजीनियर बीज वक्तव्य देंगे तथा प्रतिकुलपति प्रो.ए.अरविंदाक्षन स्वागत वक्तव्य देंगे।

प्रथम अकादमिक सत्र में दोपहर 12 बजे समूह गतिविधियों का संचालन नेहा करेंगी तथा असगर अली इंजीनियर धर्म, सभ्यता एवं अस्मिता की राजनीति विषय पर अपना उद्बोधन देंगे। तृतीय अकादमिक सत्र में भारतीय प्रेस परिषद, नई दिल्ली के सदस्य शीतला सिंह सांप्रदायिकता एवं मीडिया विषय पर तथा असगर अली इंजीनियर भारत की एकरूपी/मिश्रित संस्कृति विषय पर वक्तव्य देंगे।

22 सितम्बर को अकादमिक सत्र के दौरान इंस्टीट्यूट फॉर पीस स्टडीज एण्ड कॉनफ्लिक्ट रिजॉल्यूशन, मुम्बई के निदेशक इरफान इंजीनियर जाति एवं सांप्रदायिकता तथा धर्मनिरपेक्षता एवं भारतीय संविधान विषय पर उदबोधन देंगे। कुलपति विभूति नारायण राय सांप्रदायिकता को कैसे समझे, स्त्री अध्ययन विभाग की प्रो.इलीना सेन सांप्रदायिकता एवं जेंडर तथा नेहा सांप्रदायिकता एवं जेंडर विषय पर वक्तव्य देंगी।

23 सितम्बर को शांति, शिक्षा का तात्पर्य विषय पर विश्वविद्यालय के महात्मा गांधी फ्यूजी गुरूजी शांति अध्ययन केंद्र के निदेशक प्रो.मनोज कुमार शांति शिक्षा का तात्पर्य व शिक्षा से संघर्ष समाधान की ओर विषय पर प्रो.रामशरण जोशी तथा सांप्रदायिकता एवं पाठ्य-पुस्तकें विषय पर शांति कार्यकर्ता मानस रंजन उद्बोधन देंगे। समापन समारोह की अध्यक्षता कुलपति विभूति नारायण राय करेंगे। कार्यशाला के संयोजक मिथिलेश कुमार ने बताया कि समापन सत्र के दौरान प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किये जाने के उपरांत कुलसचिव डॉ.के.जी.खामरे द्वारा धन्यवाद ज्ञापन से त्रिदिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का समापन होगा।

-अमित कुमार विश्वास